## ब्रीफ न्यूज

### कार की टक्कर से बाइक सवार का पैर टूटा

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला वंशीपुरा निवासी सुनीता पत्नी नन्दकिशोर चन्देल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका छोटा पुत्र 25 वर्षीय चेतन बीती 31 अक्टूबर 2024 को रात करीब 11.45 बजे चौकाबाग से पटाखे लेकर अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 वी 0435 से घर वापस आ रहा था। बताया कि कसाई मण्डी के पास चार पहिया गाड़ी संख्या यू.पी.16 ए.डब्ल्यु. 2256 ने उसे तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र का पैर टूट गया। बताया कि सरकारी अस्पताल में उपचार ठीक से न होने पर उसे निजी अस्पताल में उपचार कराया। बताया कि मौके पर वहां से गुजर रहे जीतू कुशवाहा व धर्मेंद्र कश्यप ने इस घटना को देखा और उसे सूचना दी। सरकारी अस्पताल में उसके पुत्र को भर्ती कराकर उक्त गाड़ी चालक भाग निकला। पीड़िता के अनुसार कार चालक का नाम नझाई बाजार निवासी श्रेष्ठ जैन उर्फ गोलू है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो फोटो वायरल करने का आरोप

**ललितपुर।** साइबर क्राइम थाने में तहरीर देते हुये सुरईघाट कालोनी में रहने वाली महिला ने उसके नाम से फेसबुक आई.डी. बनाकर सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। महिला ने एक युवक पर संदेह व्यक्त करते हुये बताया कि उसकी अनुमति के बिना उसकी अश्लील फोटो व वीडियो खींच ली गयीं और वायरल कर दी गयीं हैं। बताया कि जानकारी के अभाव में उसने उक्त वायरल वीडियो व फोटो के स्क्रीन शॉट नहीं ले पाये। महिला की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 319 (2), 336 (4) व आई.टी. एक्ट की धारा 67 ए के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गांव जाने के लिए निकला छात्र लापता

**ललितपुर।** तालबेहट के वर्मा बिहार निवासी अखण्ड प्रताप सिंह पुत्र भगवान सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने बच्चों को पढ़ाई कराने के लिए मुहल्ला चौबयाना स्थित किराए के मकान में निवासरत है। बताया कि उसका पुत्र सूरज सिंह जो कि मर्दन सिंह इण्टर कॉलेज में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत है। सुबह करीब 8.30 बजे उसका पुत्र सूरज प्रताप सिंह अपने घर ग्राम वर्मा बिहार जाने के लिए निकला था, परन्तु घर नहीं पहुंचा और न ही उसकी कोई जानकारी मिली है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### क्रिकेट पिच बनाने का दिया प्रशिक्षण

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश के अनुपालन में जनपद में निर्मित किये जा रहे 112 खेल के मैदान में पिच इत्यादि बनाये जाने हेतु जनपद में कार्यरत क्रिकेट कोच अजरूद्दीन के मार्ग निर्देशन में ग्राम पंचायत मसौराकलां में क्रिकेट पिच बनाये जाने का प्रशिक्षण दिया गया है। उनके द्वारा पिच की बारीकियों की जानकारी दी गयी। विकास खण्ड में कार्यरत तकनीकी सहायक, ए.पी.ओ. को जानकारी दी गयी है। उक्त प्रशिक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी, ए.पी.ओ. एवं तकनीकी सहायक उपस्थित हुये।

# सदर कोतवाली का एसपी ने किया औचक निरीक्षण

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कोतवाली सदर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में थाना परिसर, कार्यालय, सीसीटीवी कैमरे, महिला हेल्प -डेस्क हवालात, मालखाना आदि का निरीक्षण कर सम्पूर्ण थाना परिसर में समुचित लाइट का प्रबन्धन करना एवं कार्यालय को साफ व स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया। थाना कार्यालय, महिला हेल्प-डेस्क के रजिस्टरों को अद्यावधिक कराते हुए उनके व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिये गये। मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ- सफाई रखने, उनके उचित हैण्डलिंग का नियमित अभ्यास कराने व थाना परिसर में साफ सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को प्रभारी निरीक्षक द्वारा स्वयं सुनकर शत-प्रतिशत उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्वित विवेचनाओं का गुण- दोष व साक्ष्य परक तथ्यों के आधार पर उनका समयबद्ध विधिक निस्तारण करने तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी व



अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने जाने हेतु अपने स्तर से सघन अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। उ.प्र. शासन द्वारा चलाये जा रहे अभियानों में मिशन शक्ति फेज-5, ऑपरेशन कनविक्शन, ऑपरेशन दृष्टि आदि को पूर्ण रूचि लेकर निर्धारित एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने थाना कार्यालय में ई-मालखाना का निरीक्षण कर सम्बन्धित को माल निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना कार्यालय में चलने वाली कम्प्टरीकृत जीडी का भी निरीक्षण कर कोतवाली पर नियुक्त पुलिस बल की समस्याओं को सुनकर उनका उचित निस्तारण किया गया। थाना कोतवाली ललितपुर पर 06 माह से अधिक अवधि की लंबित विवेचनाओं की सूची बनाकर उनकी समीक्षा कर, विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण व साक्ष्य परख तथ्यों के आधार पर उचित निस्तारण कराने, विवेचकों को ई-साक्ष्य ऐप का उपयोग करने तथा दौराने साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के तहत अधिक से अधिक वैज्ञानिक साक्ष्यों का संकलन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये। इस दौरान सीओ सदर अभय नारायण राय एवं प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# शिक्षण कार्य में रूचि नहीं ले रहे शिक्षक

## बीएसए के निरीक्षण में खुली शिक्षण व्यवस्था की पोल

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने विकास खण्ड महरौनी के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुम्हैड़ी का सुबह 9.40 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय बच्चे एकत्र होकर विद्यालय परिसर में बैठे थे, जबकि उक्त समय बच्चों को उनकी कक्षाओं में विधिवत पठन-पाठन कार्य कराया जाना निर्धारित है। विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक लक्ष्मीबाई निरंजन एवं अनुचर विजय सिंह उपस्थित थे, जबकि अनुदेशक अर्चना दुबे प्रसूति अवकाश पर थीं। इंचार्ज प्रधान अध्यापक देवेन्द्र सिंह चौहान का उपस्थिति पंजिका में आकस्मिक अवकाश अंकित था, लेकिन वह





भी स्वीकृत नहीं था। सहायक अध्यापक प्रेमलता रजक और अनुदेशक जितेन्द्र कुमार सेन अनुपस्थित थे, जबकि अनुदेशक शिवसहाय श्रीवास्तव बीआरसी महरौनी पर सम्बद्ध बताये गये। निरीक्षण के समय विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति न्यून पायी गयी। बीएसए के निरीक्षण में यह तो स्पष्ट देखने को मिला कि विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों व अनुदेशकों द्वारा शिक्षण कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है और कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति भी नियमित नहीं है। वहीं विद्यालय का भौतिक व शैक्षणिक स्तर संतोषजनक नहीं मिला। इस पर बीएसए ने अनुपस्थित सहायक अध्यापक प्रेमलता रजक का वेतन रोका, तो वहीं अनुदेशक जितेन्द्र सेन का वेतन काटा। वहीं शिथिल पर्यवेक्षण व लापरवाही पर प्रधानाध्यापक देवेन्द्र सिंह चौहान से तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने के लिए निर्देशित किया।

### प्राथमिक विद्यालय बारौन भी पहुंचे बीएसए

बीएसए रणवीर सिंह प्राथमिक विद्यालय बारौन भी पहुंचे। यहां कार्यरत सहायक अध्यापक निशान्त कुमार असाटी, स.अ. सौरभ श्रीवास्तव, शिक्षामित्र अवधेश सिंह मौजूद मिले, जबकि अनंदीलाल विशेष पुनरीक्षण मतदाता अभियान के लिए गये थे और अवधेश बुन्देला बिना सूचना के अनुपस्थित मिली। वहीं विद्यालय में बच्चों की संख्या न्यून पायी गयी और कक्षाओं में शिक्षण कार्य किया जा रहा था। बीएसए ने इं.प्र.अ. को निर्देशित किया कि वह विद्यालय में प्राप्त कम्पोजिट ग्राण्ट एवं एमडीएम के लिए वर्तनों की प्राप्त धनराशि से कार्य व सामान क्रय करें।

## अब श्रीधाम एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री बने चोरों का शिकार

### मथुरा से इटारसी जा रहे यात्री का पर्स अज्ञात चोरों ने किया चोरी

**ललितपुर।** जिला नर्वदापुरम के इटारसी मालवीयगंज विश्वकर्मा मंदिर के पास रहने वाले सुरेश कुमार दुबे पुत्र स्व. शंकरलाल दुबे ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने परिवार व पड़ौसियों के साथ ट्रेन संख्या 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-9 की बर्थ संख्या 17 से 30 पर मथुरा से इटारसी के लिए सफर कर रहे थे। बताया कि यात्रा के दौरान सभी खाना खाकर अपनी सीट पर पास में पर्स रखकर सो गये। ललितपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने के बाद किसी अज्ञात बदमाश ने उसकी पत्नी ममता दुबे एवं पड़ौसी आरएमएस कालोनी मालवीयगंज इटारसी जिला नर्वदापुरम निवासी सविता पवार पत्नी राजेश पवार का लेडीज पर्स नींद का फायदा उठाते हुये चोरी कर लिया। रात करीब 11 बजे के घटित हुयी इस घटना की जानकारी करने पर पता चला कि चोरी करने वाले बदमाश ट्रेन से उतरकर भाग गये। बताया कि पर्स में उसकी पत्नी का एम.आई.कम्पनी का मोबाइल फोन, 700 रुपये नकद थे और पड़ौसी सविता पवार के पर्स में 400 रुपये नकद थे। जीआरपी पुलिस ने सुरेश कुमार दुबे की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विद्यालयों में करायी गयी रामायण परीक्षा



सत्ता सुधार ■ ललितपुर

विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में रामायण परीक्षा जिले के विभिन्न विद्यालयों में संपन्न कराई गयी। इस परीक्षा में लगभग एक हजार बच्चों ने भाग लिया। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री रामेश्वर मालवीय ने बताया कि संगठन द्वारा पुस्तकें स्कूलों में बच्चों को मुहैया कराई गई। इसके बाद उनका प्रश्न पत्र के मध्यम से परीक्षा ली गई। संगठन का उद्देश्य है की बच्चे भी रामायण को पढ़ें, उसके बारे में जाने और संस्कारवान बने। जिला संस्कार प्रमुख डा.प्रबल सक्सेना ने बताया कि यह परीक्षा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों के बीच कराई गई है और प्रत्येक स्कूल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमण पत्र वितारित किये जायेंगे। जिन विद्यालयों ने इन परीक्षा को करवाया उसमें पब्लिक स्कूल आजादपुरा, एबीएम इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल, शिक्षा कर्नल एकेडमी, रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल, नेशनल कन्वेंट स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, रामरतन विद्या मंदिर, प्रशांति विद्या मंदिर नई बस्ती, देवलिया पब्लिक स्कूल, प्रशांति विद्या मंदिर गोविंद नगर, बालाजी विद्या मंदिर जखौरा, जीवन शिल्प इंटर कॉलेज बानपुर आदि शामिल रहे।

### बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, एक की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर के महरौनी-मड़ावरा मार्ग पर शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी घायल हो गया। घायल को महरौनी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्राम परसई निवासी चंदन अहिरवार और ग्राम ककरूआ निवासी उसका दोस्त राजू अहिरवार (28) शादी समारोह में शामिल होने गए थे। लौटते समय ग्राम छायन के पास अजान तिराहे पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। राहगीरों की सूचना पर एम्बुलेंस से दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने राजू को मृत घोषित कर दिया। राजू के पिता परसादी ने बताया कि राजू दो बेटों और एक बेटी का पिता था। वह अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा था और खेती-बाड़ी करता था।

## दिव्यांगजन के नेतृत्व क्षमता बढ़ाए जाने हेतु कार्यशाला सम्पन्न

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

एच.बी.एम. हॉस्पिटल में प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रदीप मसीह के निर्देशन में दिव्यांगजनों का एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिसमें एच.बी.एम. अस्पताल के लक्षित 13 ग्रामों में से 07 ग्रामों के 29 दिव्यांगजन और उनके परिवार के सहयोगी और संसाधन व्यक्ति कुल 62 लोग इस कार्य शाला में उपस्थित थे। कार्यशाला का उदेश्य था कि दिव्यांग कि नेतृत्व क्षमता को बढ़ायें और वह अपने अधिकारों को और अधिकारों तक पहुँचने के लिए सक्षम हों और समुदाय में समान के साथ जीयें, जिसमें एचबीएम हॉस्पिटल स्टॉफ अमित ब्लूम फील्ड और नूरिन लाल ने अस्पताल कि स्वास्थ्य योजना / इतिहास और प्रेशामक देखभाल के



बारे में जानकारी दी। ऑडियोलोजिस्ट डेनियल हेंड्रिक्स ने ऑडियोलोजि डिपार्टमेंट के इतिहास के बारे में जानकारी देकर आगे के लक्ष्य के बारे में बात करते हुये कहा कि जितने छोटे बच्चे कान से पीड़ित हैं उनकी जानकारी करना और सबसे अच्छी कान कि मशीनों को उपलब्ध करायी जायेगी। जिला दिव्यांगजन ससक्तिकरण अधिकारी शुभांशु सोनकर द्वारा दिव्यांगजन प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित योजनाओं और सहायक उपकरणों को प्रदान करने और दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, पेंशन प्राप्त होने के भरसक सहयोग के लिए कहा और दिव्यांगजन को पूर्ण जानकारी दी। सोसायटी फॉर प्रगति भारत परियोजना अधिकारी हरेन्द्र लिचारिया के बारे में जानकारी देना। अंतर्गत संचालित सोशल प्रोटेक्शन स्कीम से जोडने हेतु। दिव्यांग, सोनसिंह विशकर्मा द्वारा दिव्यांग सर्टिफिकेट बनवाने एवं चिकित्सा सम्बंधित सहयोग हेतु एच.बी.एम् अस्पताल एवं प्रगति भारत की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया एवं प्रोग्राम मेनेजर हरेंद्र रिछारिया के द्वारा लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के बारे में सभी उपस्थित को एचआईवी एड्स के कारण लक्षण पर चर्चा की गई। इस दौरान तेरह ग्रामों के दिव्यांग उपस्थित रहे जिन्होंने संस्था का लाभ प्राप्त किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों मॉडल्स देख हतप्रभ हुये अतिथि

### क्राफ्ट व विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाये शानदार मॉडल्स

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

सिद्धि सागर एकेडमी में शनिवार को कक्षा एक से चार तक के विद्यार्थियों द्वारा क्राफ्ट प्रदर्शनी एवं कक्षा पांच से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें चार्टर्ड एकाउन्टेंट रचना जैन सी.ए. मुख्य अतिथि रहीं। डायरेक्टर रीता जैन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया। तत्पश्चात उन्होंने प्रदर्शनी हॉल के द्वारसूत्र को खोलकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुये छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडल्स एवं प्रोजेक्ट्स की भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि स्कूल द्वारा आयोजित इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में छिपी प्रतिभा उभरकर सामने आती है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए अभिभावकों का तांता लगा रहा। एक ओर



जहां कक्षा एक से चार तक के बेकार वस्तुओं से बने सुंदर सुंदर डेकोरेशन पीस सबको आकर्षित कर रहे थे वहीं दूसरी ओर विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा पाँच से आठ तक के विद्यार्थी उपस्थित अभिभावकों को अपने मॉडल से सम्बन्धित तथ्य बताकर सबका दिल जीत रहे थे। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने सोलर सिस्टम सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण ग्लोबल वार्मिग जल प्रदूषण वायु प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण सस्टेनेबल इको फ्रेंडली स्मार्ट सिटि, न्यूरॉन, वैक्यूम क्लीनर, रेन वाटर हारवेस्टिंग, रेस्पिरेटरी सिस्टम, डैम वाटर टरबाइन, ड्रिप इरिगेशन, माहवारी सोलर उर्जा से संचालित वाहन वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट प्लांट सैल ग्रीन एनर्जी गति का सिद्धांत विंडमिल ज्वालामुखी, ग्रेफाइट कन्डक्टर थ्री डी होलोग्राम वाटरफिल्टर सोलर ऊर्जा से खेती, तरह-तरह के डस्टबिन, एसिड रेन, साउन्ड वेव्ज चन्द्रयान 3 ज्वालामुखी ग्रीन हाउस आदि विज्ञान के विषयों से सम्बन्धित एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किये। इस दौरान सीमा अरोरा, जौली नामदेव, अखिलेश शर्मा, छाया नामदेव, पूजा सोनी, हेमन्त यादव, सरिता चतुर्वेदी, राशि जैन, एकता रिछारिया, प्राची ताम्रकार, रजनी जैन, विवेक दुबे, पुनीता पाराशर, साक्षी देवलिया, रश्मी नामदेव, प्रियंका तोमर, कल्पना राय, स्तुति मिश्रा, शिवानी, पूर्वा जैन, महरीन, नीरज, वैभव, विक्रम, धर्मेन्द्र पंथ, हिमांचल सिंह, कला, रेखा, इन्दिरा, रोशनी, माया, मूलचन्द आदि मौजूद। अंत में अंकिता जैन ने आभार जताया।

## बेटी हो के बेटों का फर्ज निभाई हैं ....

### कचहरी प्रांगण में कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

वीर शिखा आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी लक्ष्मीबाई के जन्म दिवस पर कचहरी प्रांगण में जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल की अध्यक्षता में कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी उर्दू अदवी संगम के बैनर तले कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका सफल संचालन संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण कुशवाहा एड. किशन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने शेर में रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बेटी हो के बेटों का फर्ज निभाई है, बेटियां अब तो पिता की चिता को भी जलती है बेटियां, कभी इंदिरा कभी रानी झांसी बन कर कर्ज वतन की मिटटी का चुकाती है बेटियां। कवित्रीय सुमनलता शर्मा ने कहा कि मेरे देश की हर बेटी लक्ष्मीबाई का अवतार साहस, शौर्य, वीरता जिसमें हो भरा अपार। रामस्वरूप नामदेव अनुरागी ने रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धा सुमन अर्पित



करते हुए कहा कि रूपों और बंदूकन से भी डरीनही रानी, खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी। युवा कवि प्रशांत श्रीवास्तव ने गीत प्रस्तुत करते हुए कहा सबका मालिक एक है, बस इतनी सी बात समझना में कितने-कितने युग बीते हैं, मन को मन से मिलने में। अशोक क्रांतिकारी ने सुख-दुख एहसास करते हुए कहा कि सब के सुख दुख में शामिल हैं। कवि का एहसास सरकार से अच्छा चीर भी दें और लहु न टपके कलम घाव तलवार से अच्छा। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों शायरों में एम.आर.खान, हरगोविंद अहिरवार एड., समर सिंह एड., सरवर हिंदुस्तानी, अर्जुन सिंह एड., अर्चना गौतम, मनीष कुशवाहा, रोहित राजपूत, बलवीर सिंह, इंद्रपाल सिंह एड. आदि मौजूद रहे।

## महरौनी पुलिस को गश्त के दौरान मिली महत्वपूर्ण सफलता

# 28 किलो अवैध गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ ललितपुर

महरौनी के इन्दिरा चौराहा पर गश्त कर रही पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्कर गिरोह के दो शातिर बदमाशों को पकडने में सफलता मिली है। बताया गया है कि उप निरीक्षक मनोज कुमार अपने साथ उप निरीक्षक निखिल मलिक व कां.सूरज कुमार और अतुल कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से मिली सूचना पर उन्होंने तत्काल सीओ महरौनी को अवगत कराते हुये टीकमगढ़ रोड बाईपास पहुंचे, जहां कुछ समय पश्चात चार पहिया वाहन आता दिखायी दिया। जिसे पुलिस ने रोक लिया और गाड़ी संख्या सी.जी. 12 ए.जी.



0003 में सवार जालौन जिला के थाना कोटरा अंतर्गत ग्राम बिनौरा निवासी अंकित द्विवेदी पुत्र दिलीप द्विवेदी व दूसरे ने अपना नाम चित्रकूट जिला के थाना सरधुवा अंतर्गत ग्राम औदहा निवासी शुभम यादव पुत्र लल्लूराम यादव बताया। पकड़े गये दोनों बदमाशों से कार में लॉकदार बक्से से ब्राउन रंग के पैकेट जो कि टेप से लिपटे हुये थे में से करीब 28 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। साथ ही गाड़ी पर अंकित नम्बर प्लेट के अलावा एक अन्य नम्बर प्लेट संख्या यू.पी.78 सी.एस. 0002 भी पुलिस ने बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने दोनों बदमाशों से दो मोबाइल फोन बरामद किये हैं। मौके पर पहंचे सीओ महरौनी ने अग्रिम कार्यवाही को सम्पादित कराया। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/20 और बीएनएस की धारा 318, 336, 338, 340 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कानपुर से खरीदी थी कार

अवैध गांजा के साथ पकड़े गये शुभम यादव ने बताया कि उन्होंने यह कार 1.95 लाख रुपये में कानपुर से खरीदी थी। इस कार के जरिए वह उड़ीसा से गांजा लाकर ललितपुर सहित अन्य जनपदों में आपूर्ति करते थे। इसके अलावा इस कार के कागजात व नम्बर प्लेट्स भी फर्जी हैं। अंकित द्विवेदी ने बताया कि वह गांजा के साथ पूर्व में भी पकड़ा जा चुका है और जेल जा चुका है।

## एन्टी माइक्रोबियल का अनावश्यक उपयोग खतरनाक : सीएमओ

**ललितपुर।** वर्ल्ड एन्टी माइक्रोबियल अवेयरनेस सप्ताह के तहत सीएमओ सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया। विगत वर्षो की भांति 18 से 24 नवम्बर तक वर्ल्ड एन्टी माइक्रोबियल अवेयरनेस सप्ताह मनाया जा रहा है। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि एन्टी माइक्रोबियल ऐसी दवाईयां होती है, जिनका उपयोग हानिकारक सूक्ष्म जीवों को खत्म करने में होता है। यह एन्टीबायोटिक, एन्टीफंगल आदि प्रकार की हो सकती है। ऐसी बीमारियां जो बैक्टिरियां से फैलती है, उनके इलाज के लिये एन्टीबायोटिक, जबकि फफूंद से फैलने वाली बीमारियों के इलाज हेतु एन्टी फंगल दवाओं का उपयोग किया जाता है। स्वयं से अथवा बिना डाक्टरी सलाह के एन्टी माइक्रोबियल दवाईयां लेने से शरीर को नुकसान पहुंचता है। इससे एन्टी माइक्रोबियल रजिस्टेंस उत्पन्न हो सकता है। कई बार बिना डाक्टरी सलाह के दवा कोर्स किये बिना दवा बंद करने से भी एन्टी माइक्रोबियल रजिस्टेंस हो जाता है। डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि वर्ष 2024 में एन्टी माइक्रोबियल सप्ताह एजूकेट, एडवोकेट, एक्ट नाऊ थीम के अन्तर्गत मनाया जा रहा है। एन्टी माइक्रोबियल रजिस्टेंस की स्थिति उत्पन्न होने पर उस व्यक्ति पर सामान्य दवाईयां ठीक से काम नही करती, जिससे मरीज के इलाज में दिक्कत हो सकती है। अतएव आवश्यक है कि बीमार पडने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक को दिखाकर ही दवा ली जायें एवं चिकित्सकीय सलाह के बिना दवा बंद न की जायें। उन्होंने एन्टीमाइक्रोबियल दवाओं के गैर जरूरी प्रयोग को रोकने हेतु समस्त चिकित्सकों से अपील की।

## ब्रीफ न्यूज

### विद्युत कर्मी के साथ की मारपीट, पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**टहरौली।** तेंतीस केबी उपकेन्द्र टहरौली में तैनात संविदा कर्मचारी चन्द्रशेखर पटेल ने प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह बिजना फीडर के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों में विद्युत विभाग का कार्य देखता है। शुक्रवार की सुबह आठ बजे के लगभग जब वह ग्राम सिलोरी में था तभी ग्राम के ही निवासी पंकज यादव आकर गाली गलौज करते हुए चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने का दबाव बनाने लगे जब पीडित ने रोस्टर के हिसाब से ही विद्युत आपूर्ति कर पाने की बात कही तो आरोपी ने मार-पीट कर दी।

### पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर की मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू

**बबीना(झांसी)।** थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार सदर विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें राजस्व से जुड़े सात प्रार्थना पत्र आए, जांच पड़ताल हेतु संबंधित अधिकारियों को सौंप कर उचित कारवाही के निर्देश दिए गए।

### उप चुनाव में भाजपा की जीत पर रालोद ने की आतिशबाजी, मिठाई बांटकर हर्ष जताया

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में उप चुनाव में भाजपा गठबंधन को मिली जीत पर भाजपा और रालोद हर्ष का माहौल बन गया। शनिवार को रालोद के पदाधिकारी अंचल अड़जरिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ इलाईट चौराहा पहुंचे और उत्तर प्रदेश में भाजपा की उप चुनाव में हुई जीत पर जमकर हर्ष व्यक्त करते हुए ढोल नगाड़ों बजाए साथ ही मिठाई बांट कर जमकर आतिशबाजी करते हुए जीत की खुशी मनाई। इस दौरान अंचल अड़जरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में, महाराष्ट्र में, झारखंड में चुनाव के जो नतीजे मिले इसका श्रेय उन्होंने देश के प्रधान मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को दिया। उन्होंने कहा यह चुनाव जनता ने अपराध मुक्त, विकास कार्य पर दिया है।

### किरायेदारों व नौकरों का सत्यापन करायें : एसपी

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जनपदवासियों से अपील की है कि किरायेदारों /घरेलू नौकरों का सत्यापन अवश्य करायें, जिससे आप स्वयं को सुरक्षित करने के साथ-साथ आस-पड़ौस एवं समाज को सुरक्षित रखने में, अपराध को रोकने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। कहा कि जिनके मकान में किरायेदार, घरेलू नौकर रह रहे हैं, उनके सत्यापित नाम-पते की सूचना, उनका मोबाइल नम्बर व उनके पहचान पत्र सम्बन्धित थाना, चौकी को एक माह के अन्दर उपलब्ध करायें।

## बिना पासबुक और पहचान के निकासी

# बैंक कर्मचारियों की लापरवाही उजागर, खाताधारक के 49 हजार रुपये निकाले

### पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की

सत्ता सुधार ■ बबीना-झांसी

ब्लॉक बबीना के घिसौली गांव की श्रीमती राराबाई, जिनका बचत खाता पंजाब नेशनल बैंक, बबीना शाखा में है, उनके खाते से 21 नवंबर 2024 को अवैध तरीके से ?49,000 की निकासी कर ली गई। इस घटना में बैंक कर्मचारियों और मैनेजर की गंभीर लापरवाही सामने आई है।

आपको बताते चलें कि दिनांक 21नवंबर को दोपहर 1320 बजे रारा बाई के पुत्र अर्जुन सिंह के मोबाइल पर 49,000 की निकासी का संदेश प्राप्त हुआ। जब अर्जुन सिंह ने अपने भतीजे धीरेंद्र सिंह से पूछा कि क्या उन्होंने दादी (रारा बाई) के साथ जाकर पैसे निकाले हैं, तो धीरेंद्र सिंह ने ऐसी किसी भी निकासी से इनकार किया।

यह सुनकर रारा बाई, अर्जुन सिंह और धीरेंद्र सिंह हक्के-बक्के रह गए। 22 नवंबर को बैंक पहुंचकर उन्होंने मैनेजर को अवगत कराया और एक प्रार्थना पत्र देकर खाते को फ्रीज करने और पैसे की वापसी की मांग की।




शाम करीब 4 बजे, बैंक मैनेजर ने फोन करके रारा बाई के बड़े पुत्र लाखन सिंह को फोन करके बैंक बुलाया और अपनी ओर से ?49,000 की नगद राशि सौंप दी। लेकिन साथ ही, जिस विड्रोल फॉर्म के जरिए पैसे निकाले गए थे, उसे फाड़कर नष्ट कर दिया गया और बैक डेट 21 नवंबर का विड्रॉल फॉर्म भरवाकर ले लिया। यह कदम निकासी के साक्ष्य मिटाने और अपनी लापरवाही छुपाने का प्रयास प्रतीत होता है। यह मामला बैंकिंग प्रणाली की गंभीर खामियों को उजागर करता है। सवाल यह उठता है कि बिना पासबुक और पहचान सत्यापन के, किसी भी व्यक्ति को दूसरे के खाते से पैसे निकालने की अनुमति कैसे दी गई?

सूत्रों के अनुसार, रारा बाई के खाते से कुछ दिन पहले ग्राम सिमरिया निवासी एक व्यक्ति ने बैंक में एक प्रार्थना पत्र देकर खाता धारक के मोबाइल नंबर पर एसएमएस सेवा बंद करने की मांग की थी। यह व्यक्ति संदेह के घेरे में है और उसकी भूमिका की जांच की आवश्यकता है।

यह पहली बार नहीं है जब पंजाब नेशनल बैंक, बबीना शाखा में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं। इससे पहले भी कई शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिन्हें लीपापोती करके दबा दिया गया।

रारा बाई और उनके परिवार ने इस घटना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग की है ताकि दोषियों को सजा दी जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

इस घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। बैंक की प्रक्रिया और सुरक्षा मानकों की समीक्षा कर उन्हें और मजबूत बनाया जाए। ग्राहकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएं।

यह घटना बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता और सुरक्षा की कमी को उजागर करती है। जब तक ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, ग्राहकों का विश्वास बैंकिंग प्रणाली से कम होता रहेगा। यह समय है कि बैंक अपने सिस्टम को सुधारें और खाताधारकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें।पीड़ित के पुत्र अर्जुन सिंह ने बबीना थाने में प्रार्थना पत्र देकर साजिश में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कारवाही की मांग की।

## किसानों को मिलेगा लाभ, सामाजिक सुधार के साथ आर्थिक स्थिति में भी होगा सुधार



सत्ता सुधार ■ झांसी

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने विकास भवन सभागार में इक्रीसेट हैदराबाद के वैज्ञानिकों साथ जनपद में वाटर शेड बनाने हेतु जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यो पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि विभाग, लघु सिंचाई विभाग, भू-गर्भ जल विभाग एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इक्रीसेट के आपसी सहयोग से वाटर शेट का निर्माण किया जाना है, जनपद में यह एक पायलट प्रोजेक्ट है। वाटर शेड के कार्य को आपसी सामंजस्य के साथ चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाना है। बैठक में यह भी चर्चा की गयी कि अलग-अलग चरणों में झाँसी जिले के अंतर्गत एक-साथ दो वाटरशेड विकसित किये जायेंगे, जिसमें से एक इक्रीसेट द्वारा एवं दूसरा झाँसी जिले के सभी लाइन डिपार्टमेंट के द्वारा विकसित किया जायेगा। प्रत्येक साइट का क्षेत्रफल लगभग 20000-25000 हेक्टेयर होगा। जिलाधिकारी ने अपने विभागीय अधिकारीयों को निर्देश दिए कि आप सभी सम्मिलित रूप से इस कार्य को करें। यह पहल झाँसी जिले में जलसंरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अविनाश कुमार अध्यक्षता में आहूत बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद सहित बैठक में इक्रीसेट, हैदराबाद के वैज्ञानिक गण डॉ कौशल गर्ग, डॉ अनंता, डॉ वेंकटराधा एवं आर के उत्तम ने हिस्सा लिया। बैठक में इक्रीसेट के द्वारा टहरौली तहसील में विकसित किये जा रहे वाटरशेड की तर्ज पर जिले में भी वर्षा जलसंरक्षण द्वारा पानी की कमी एवं क्षींण भूमि के उन्मूलन द्वारा सामुदायिक सशक्तिकरण पर कार्य किये जाने पर चर्चा की गयी। इक्रिसेट द्वारा वाटरशेड विकसित करने के लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने एवं विस्तृत परियोजना तैयार करने के लिए आवश्यक आंकड़े एकत्र करने के लिए स्टैण्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के उपयोग पर एक विस्तृत व्याख्यान डॉ वेंकटराधा के द्वारा दिया गया।

## नैतिक शिक्षा से ही मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास होगा : भगवान भाई




सत्ता सुधार ■ गुरसराय झाँसी

आज समाज देश और विश्व की स्थिति को हम देख रहे है भौतिक विकास तेजी से हो रहा है। भौतिक विकास से समाज विकसित नहीं होता बल्कि नैतिक शिक्षा से मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक बीज है और जीवन एक वृक्ष हैं जब तक हमारे जीवन रूपी वृक्ष को नम्रता ,धैर्यता ,भाईचारा ,आपसी स्नेह, सत्यता इमानदारी आदि सद्गुण रूपी फल नहीं आते तब तक हमारी शिक्षा अधूरी है। नैतिकता से हमारे व्यवहार संस्कार में निखार आता है7दिन प्रतिदिन समाज में बढ़ती हिंसा एवं अपराध एक चिंतनीय विषय है नैतिक शिक्षा के द्वारा अपराध मुक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। अपराध मुक्त समाज के लिए नैतिक शिक्षा आवश्यक है। उक्त उदगार माउंट आबू से ब्रह्माकुमारी के पधारे हुए बी के भगवान भाई जी ने कहे। आत्माराम खैर बॉयज इंटर कालेज और श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर में नैतिक शिक्षा का महत्व विषय पर कार्यक्रम में बोल रहे थे।

बी के भगवान भाई जी ने कहा कि कुसंग, व्यसन, सिनेमा और फैशन से आज की युवा पीढ़ी भटक रही है जिससे वर्तमान समय अपराध बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नैतिक शिक्षा और आध्यात्मिकता से ही युवा पीढ़ी को सही दिशा मिल सकती है। नैतिक शिक्षा से ही मानवीय मन में रचनात्मक और सकारात्मक चेतना का विकास होता है ।

भगवान भाई ने कहा कि नैतिक शिक्षा से समाज मैं फैली हुई ईर्ष्या घृणा नफरत वैर विरोध और अहंकार को नष्ट किया जा सकता है ।संस्कारित शिक्षा की कमी ही वर्तमान समय अपराधों के मुल कारण है। उन्होंने कहा कि हम विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन समाज में फैली हुई दुर्भावना और हिंसा चिंता का विषय है। स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र कि प्रभारी बी के कविता बहन जी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में सामना कर तनावमुक्त बनने के नैतिक शिक्षा की जरूरत है अपराध मुक्त बनने के लिए आत्मानुभूति की आवश्यकता है । कार्यक्रम में बी के पूजा बहन , बी के सुनीला बहन , बी के कल्याणी बहन , बी के शिवदयाल भाई और सभी शिक्षक भी उपस्थित थे । कार्यक्रम के अंत में बी के भगवान भाई जी ने मन को एकाग्र करने हेतु राजयोग मेडिटेशन कराया।

## देखो अपना देश, पीपुल च्वाइस कैम्पेन का हुआ शुभारंभ

**ललितपुर।** अवगत कराया गया है कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश एवं प्रदेश के पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देखो अपना देश, पीपुल च्वाइस कैम्पेन का शुभारंभ किया गया है। इस कैम्पेन के माध्यम से आमजनमानस द्वारा पोर्टल पर अपने पसंदीदा पर्यटन गंतव्यों को 25 नवम्बर 2024 तक (अंकित) वोट किया जाना है। इस कैम्पेन में वृहद स्तर पर प्रतिभाग करने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वह इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए दिये गए पोर्टल क्यूआर कोड को स्कैन कर जिले के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों को पंजीकृत करने और दूसरों को भी प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक पंजीकरण करायें, जिससे जनपद व प्रदेश के गंतव्यों व पर्यटन स्थलों की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके तथा ललितपुर के ऐसे गंतव्यों व पर्यटन स्थलों हेतु सरकार द्वारा विशेष कार्ययोजना बनाकर इसके विकास कार्यों को नई गति प्रदान की जा सके, इसमें सभी जनपदवासियों का सहयोग अपेक्षित है।

**जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से की अपील, क्यूआर कोड स्कैन कर पंसदीदा पर्यटन स्थल को करें वोट**

## निःशुल्क दलहन एवं तिलहन की मिनी किट का वितरण किया




सत्ता सुधार ■ झांसी

राजकीय कृषि बीज भण्डार- ब्लॉक बडागांव पर निः शुल्क दलहन एवं तिलहन बीज की मिनिकिट का वितरण किया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख बडागांव, एवं भारतीय किसान यूनियन तहसील अध्यक्ष अविनाश भार्गव, गोदाम प्रभारी कल्यान सिंह के द्वारा वितरण किया गया। नरेश कुमार.ॅ.ज्ञ.रू एवं अनुज श्रीवास्तव .ॅ.ज्ञ.रूएवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। जिसमें गोदाम प्रभारी कल्यान सिंह ने बताया कि देशभर में रबी की फसलों की बुवाई की शुरुआत होने जा रही है. कई राज्यों के किसानों ने फसलों की बुवाई भी शुरू कर दी है, वहीं अधिकांश किसान बुवाई की तैयारी में लगे हुए हैं. इसी बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने एक प्लान तैयार किया है, जिसके तहत किसानों को रबी की फसलों की बुवाई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निःशुल्क बीज मुहैया कराने की योजना सरकार ने तैयार की है।

इस योजना के तहत राज्य सरकार किसानों को इस वर्ष दलहन और तिलहन फसलों के बीज मुफ्त में वितरित करेगी. वहीं भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष अविनाश भार्गव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क बीज वितरण की योजना तब कारगर साबित होगी. जब किसानों को सही वक्त पर बीज उपलब्ध हो सकेंगे. क्योंकि अक्सर देखा गया है कि फसलों की बुवाई का समय खत्म होने के बाद किसानों तक बीज पहुंचता है.सितम्बर महीने की शुरुआत में हुई झमाझम बारिश से पोखर, तालाब और कुए जैसे सिंचाई संसाधनों में जल स्तर बढ़ गया है. जिससे इस बार रबी की फसल की बुवाई और सिंचाई में किसानों को भरपूर फायदा होगा. अगस्त लास्ट पखवाड़े में इन सिंचाई संसाधनों में जल सामान्य से कम था. जिसका मुख्य कारण मानसून बारिश का समय पर न होना और सामान्य से कम बारिश का होना है. कुओं और तालाबों में पानी न होने से किसानों को इस दौरान खरीफ फसलों की बुवाई और सिंचाई में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था. फिलहाल रबी फसलों की खेती में इस तरह की किसी भी परेशानी किसानों को नहीं उठानी पड़ेगी।

## स्कूली छात्रा ने मंगलसूत्र लौटाकर की मानवता की मिसाल

### छात्रा की ईमानदारी पर लोगों ने की मुक्त कंठ से सराहना

सत्ता सुधार ■ टहरौली

कस्बा के एक विवाह घर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आई महिला का सुबह विदाई के वक्त मंगलसूत्र गिर गया था कस्बा के ही आदर्श जनप्रिय इंटर कॉलेज में सातवीं की छात्रा नंदिनी पुत्र राजाराम निवासी टहरौली को स्कूल जाते समय रास्ते में मंगलसूत्र पडा मिल गया जिसे ले जाकर उसने प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा को सौंपकर सारी बात बताई जब विवाह घर संचालकों से इस बाबत जानकारी ली गई तो उक्त मंगलसूत्र नेहा तिवारी निवासी रूपा धमना का निकला। सूचना पाकर स्कूल पहुंचीं महिला अपना खोया हुआ मंगलसूत्र पाकर खुशी से खिल उठी और उसने प्रधानाचार्य को धन्यवाद देकर नंदनी को अपनी आगोश में भर लिया वहीं छात्रा की ईमानदारी से प्रभावित होकर प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों द्वारा छात्रा को सम्मानित किया गया छोटी बच्ची की ईमानदारी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।




## गरौठा,टहरौली क्षेत्र में दोनों डिप्टी कलेक्टर किसानों को खाद वितरण व्यवस्था में साथ खड़े दिखे

सत्ता सुधार ■ गुरसराय झाँसी

खाद की 4 दिनों से भारी मारामारी के बाद आखिरकार प्रशासन पूरी तरह सक्रिय होकर 22 नवंबर शुक्रवार को किसानों के साथ खड़ा दिखा। गुरसरांय की मड़ोरी स्थित पीसीएफ केन्द्र,साधन सहकारी समिति बामौर मुख्यालय जाकर डिप्टी कलेक्टर गरौठा अवनीश कुमार तिवारी अपनी राजस्व विभाग की टीम व पुलिस व्यवस्था के साथ किसानों को 2-2 बोरी डीएपी खाद के कूपन वितरित कराए और डिप्टी कलेक्टर का पूरा फोकस किसानों को उनकी मांग के अनुसार शत प्रतिशत खाद मुहैय्या हो सके को लेकर संबंधित कर्मचारियों को रोज के रोज खाद मंगवाकर वितरण करने के सख्त निर्देश दिए आज किसानों ने कुछ राहत की सांस ली और लग रहा है। जिलाधिकारी झांसी अविनाश कुमार अब पूरी तरह हरकत में आ गए हैं और वह भी किसानों की समस्या तत्काल हल हो के लिए डिप्टी कलेक्टर गरौठा अवनीश कुमार तिवारी,डिप्टी कलेक्टर टहरौली अजय कुमार यादव को किसानों को खाद से लेकर समय पर सानी आदि व्यवस्थाये पूरी हो सके को लेकर निर्देशित कर चुके हैं जिसके चलते टहरौली व गरौठा तहसील क्षेत्र की कई समितियों पर आज किसानों को शांति पूर्ण ढंग से खाद वितरण होते देखा गया लेकिन आज का पूरा दिन गरौठा व टहरौली डिप्टी कलेक्टर का किसानों को खाद वितरण के नाम पर गया।

**श्रद्धांजलि** देश की खातिर कुर्बान हुए शहीदों की कुर्बानियों को हम याद दिलाते रहेंगे कलाम कुरैशी

## एक शाम शहीदों के नाम कॉन्फ्रेंस में शहीदों को किया याद

सत्ता सुधार ■ झांसी

महारानी लक्ष्मी बाई की नगरी मे कुरैश कॉन्फ्रेंस समाजिक संस्था द्वारा शहीदों को याद किया ओर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी शेरे मैसूर क्रांतिकारी वीर हजरत टीपू सुल्तान का 275 व रानी लक्ष्मी बाई का 196 व वीरांगना झलकारी बाई 194 जन्मोत्सव मनाया गया।

क्रांतिकारी वीर साथी शहीद भगत सिंह, शहीद अस्फाक उल्लाह, शहीद राजगुरू, शहीद चन्द्रशेखर आजाद, शहीद सुखदेव व ब्रिगेडियर उस्मान खान, शहीद वीर अब्दुल हमीद, शहीद गुलाम गौस खाँ, आदि महापुरुषों को याद किया ओर उन्हें सलामी दी, कॉन्फ्रेंस मैं शेर ए मैसूर टीपू सुल्तान और रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना झलकारी बाई के जीवन पर प्रकाश डाला संत राम पेंटर वरिष्ठ नेता भाजपा ने कहा, हमें गर्व है ऐसे देश के पहले स्वतंत्रता सेनानी टीपू सुल्तान पर दलितों को स्नान ढाकना का




अधिकार दीया टीपू सुल्तान अपने राज में सबको बराबर का अधिकार देते थे उस जमाने में हजार मंदिरों को जमीन दान वा धन जेवर दिया ,हमें उनकी बहादुरी पर गर्व है हाजी अशफाक कुरैशी ने कहा देश के महान दो हस्तियों ने अंग्रेजो के खिलाफ सबसे पहले स्वतंत्र सेनानी हजरत टीपू सुल्तान वा महारानी लक्ष्मीबाई है ,हम उनकी कुर्बानियों को भुला नहीं सकते जिन्होंने बिना भेदभाव देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी आज उन्हें हम सच्चे दिल से सलाम करते हैं । अरशद खान, रूपेश अग्रवाल, आसिफ नियाजी, मुन्ना लाल झा, राजा रायकवार, रसीद अंसारी, प्रेम कुशवाहा, राकेश साहू, इम्तियाज़ खान, अमजद जाफरी, संजय जैन शरीफ अहमद आदि ने शहीदों के जीवन पर प्रकाश डाला उन्हें याद किया।

देश में अमन भाईचारे के लिए दुआएं की शहीदों को सलाम कॉन्फ्रेंस में नफीस खान अंसार कुरैशी मुकीम कुरैशी शरीफ खान वसीम ख़ान गाजी इरफान कुरैशी सानू कुरैशी इस्लाम कुरैशी बाबी ख़ान जावेद कुरैशी बरकत कुरैशी रोहित मनोज सलीम कुरैशी राजकुमार मोहम्मद फारुक कुरैशी राशिद कुरैशी इरशाद खान रशीद अंसारी फरमान खान सद्दाम कुरैशी आदि सैकड़ों की संख्या मैं लोगों ने शहीदों के चित्र पर पुष्प भेंट कर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की वा याद किया कार्यक्रम के आयोजक मोहम्मद कलाम कुरैशी राष्ट्रीय सचिव कुरैश कॉन्फ्रेंस सामाजिक संस्था ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा शहीदों को भुला नहीं जा सकता हम युवा पीढ़ी को शहीदों की कुर्बानियों इकबाल कुरैशी,नासिर, जीसान खान, मोहित रायकवार, अरमान, राशिद पठान, शुक्ला जी, पंडित अंकित, निजाम खान, अनस, हेमंत वर्मा, आदि लोग मौजूद रहे, सभी का आभार मोहम्मद कलाम कुरैशी राष्ट्रीय सचिव कुरैश कॉन्फ्रेंस ने किया।

## रिफिलिंग से लगी आग झोपड़ी में पहुंची, शादी की तैयारी का सामान जलकर राख

### पुलिया नंबर नौ में कब होगी कार्यवाही

सत्ता सुधार ■ झांसी

अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने का जालेवा काला कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कई स्थानों पर खुलेआम गैस रिफिलिंग का कारोबार हो रहा है। इस कारोबार में हुए हादसों में कई लोगों की जान भी जा चुकी। लेकिन इन सब के बाबजूद यह मासिक सुविधा शुल्क पर यह कारोबार जमकर फल फूल रहे है। इसी के चलते चिरगांव थाना क्षेत्र में एक कार में गैस रिफिलिंग के दौरान आग लग गई। आग ने पड़ोस में बनी झोपडी को भी अपनी आगोश में ले लिया। झोपड़ी के रखा शादी की तैयारी का पूरा सामान जलकर राख हो गया।

इस घटना के बावजूद भी प्रेमनगर के पुलिया नम्बर नौ में कई स्थानों पर एक स्कूल में, एक विवाह घर में, रेल लाइन किनारे आदि स्थानों पर गैस रिफिलिंग का कारोबार खुलेआम चल रहा है। यहां घनी आबादी होने के बावजूद पुलिस इन अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने वालों पर नकेल नहीं कस पा रही है। अगर समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो एक दिन बाद हादसा होगा। जानकारी के मुताबिक चिरगांव थाना क्षेत्र के भांडेर रोड चुंगी पर स्थित एक दुकान में पिछले कई समय से गैस रिफिलिंग का कारोबार बेधड़क चल रहा था। ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी संबंधित थाना पुलिस को न हो। इसके बावजूद बेखौफ होकर लोगों की जान की परवाह किए बगैर यह कारोबार जमकर फलफूल रहा था। आज इस दुकान पर एक कार में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस भरी जा रही थी। तभी अचानक विस्फोट हुआ और आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि आग ने कार ओर उसके पास बनी लोहा पीटा की झोपड़ी को अपनी आगोश में ले लिया। बताया जा रहा है कि लोहा पीटा की बेटी की शादी होना थी उसकी शादी का पैसा, जेवरात, कपड़े आदि रखे थे जो आग से जलकर राख हो गए। वही सूचना पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि सरकार की जो आर्थिक सहायता मिलती। वह पीड़ित परिवार को दी जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### महाराष्ट्र चुनावों में मिली प्रचंड विजय पर भाजपाइयों ने मनाया विजय उत्सव



**गुना।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव तथा अन्य प्रदेशों में हुए उप चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड विजय पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में भाजपा जनों ने मनाया विजय उत्सव। इस दौरान जिला मुख्यालय भाजपा कार्यालय हाट रोड पर शनिवार को सायंकाल 6 बजे विजय उत्सव के रूप में जीत का जश्न मनाया गया। आतिशबाजी चलाकर जिलाध्यक्ष श्री सिकरवार सहित जन प्रतिनिधियों ने कार्यकताओं को एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई दी। इस इतिहासिक जीत पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि महाराष्ट्र में अब तक ये हमारा सबसे बढ़िया प्रदर्शन है। महाराष्ट्र की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जन हितैषी योजनाओं पर विश्वास जताते हुए एक हैं तो सैफ हैं का संदेश देकर भाजपा का झंडा ऊंचा किया। इस मौके पर गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, प्रदेश सदस्य राधेश्याम पारीक, हरिसिंह यादव, गजेंद्र सिंह सिकरवार, पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव, संतोष धाकड़, अरविंद गुप्ता, परेश भार्गव, दिलीप सेन सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा जन उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने नानाखेड़ी डबल लॉक केन्द्र का किया निरीक्षण



**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार में जिले में कृषकों सुविधाजनक तरीके से खाद का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शविार को एसडीएम शिवानी पाण्डेय द्वारा नानाखेड़ी डबल लॉक से तीन काउंटरो से खाद वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार जीएस बैरवा, जिला विपणन अधिकारी रितविक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय योग शिविर का हुआ शुभारंभ

**गुना।** जिला सनाढ्य सभा संस्कार भवन पर शनिवार से पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान मे योग कक्षा के विस्तार हेतु सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ महिला पंतजली योग समिति की राज्य प्रभारी सुधा त्रिवेदी एवं जिला प्रभारी सीमा शर्मा के नेतृत्व व जिला सनाढ्य सभा के अध्यक्ष श्रीकृष्ण राजोरिया एवं महिला इकाई अध्यक्ष आशा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग शिविर में प्रथम दिवस मानव जीवन मे योग कितना महत्वपूर्ण है इस प्रकाश डालते हुए श्रीमति त्रिवेदी ने कहा कि योग महिला, पुरूष में स्वस्थ्य लाभ,जीवन वृद्धि के साथ साथ चरित्र निर्माण मे भी सहायक होता है। उन्होंने सूर्य नमस्कार; कपालभाति; अनुलोम- विलोम सहित सभी योग आसनों से अवगत कराया। जिला सनाढ्य सभा के महासचिव शिवदयाल शर्मा ने कहा कि योग के माध्यम से हम सभी समाज जनो मे उर्जा का नया संचार कर ''शरीर को निरोग रखकर'' बुद्धिबल से समाज उत्थान में महत्वपूर्ण भुमिका निभा सकते है। कोषाध्यक्ष रामकिशोर शर्मा ने समाज के सभी वर्गो से अपील की है कि आप भी शिविर मे पधारकर स्वस्थ्य लाभ लें।

## अंचल में मनी भैरवाष्टमी, काल भैरव मंदिरों पर हुए धार्मिक आयोजन

# तंत्र साधना के महादेव हैं काल भैरव : कैलाश मंथन



**सत्ता सुधार ■ गुना**

अंचल में काल भैरव अष्टमी पर महादेव अवतार भैरवनाथ की जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। कालभैरव महाकाली के ललाट से प्रकट हुए।

सृष्टि में आदिकाल से कालभैरव की पूजा तंत्र साधना के साथ संपन्न होती है। जिला मुख्यालय उदासी आश्रम एवं कैंट रोड स्थित काल भैरव मंदिर पर संकीर्तन महा आरती एवं काल भैरव की उपासना हुई। उदासी आश्रम स्थित काल भैरव मंदिर में धार्मिक का आयोजन हुआ। इसके अलावा अंचलभर के विभिन्न भैरव मंदिरों पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस मौके पर विराट हिउस के प्रमुख कैलाश मंथन ने उदासी आश्रम स्थित काल भैरव मंदिर पर श्रद्धालुओं के बीच कहा कि पुराणों के अनुसार काल भैरव की उत्पत्ति महाकाली के ललाट से हुई है। ब्रह्माजी के पांचवें मस्तक को सृष्टि की रचना के बाद अहंकार से हुआ। भगवान शिव ने ब्रह्मा का मद चूर करने के लिए महाकाली के ललाट से त्रिनेत्र धारी कालभैरव प्रकट किए।

त्रिशूल, डमरू, मुदगर के साथ कालभैरव ने ब्रह्मा के पांचवें मस्तक का कनिष्ठा उंगली से विच्छेद कर दिया। बौद्धिक सभा में हिउस प्रमुख कैलाश मंथन ने बताया कि शिवपुराण, देवी भागवत, भैरव उपासक आदि ग्रंथों में काल भैरव की अपत्ति की कथा को वर्णित है। भैरव का जनम अगहन वदी अष्टमी को हुआ। अहंकार पूर्ण बाते करने वाले ब्रह्मा के पांचवें मस्तक का विच्छेदन के बाद भगवान शिव ने प्रकट होकर कालभैरव को काशी विश्वनाथ के स्थान का कोतवाल बनाया। तब से ही कालभैरव सिद्धदेवी पीठों, ज्योतिर्लिंगों के निकट जाग्रत देव के रूप में स्थापित हैं। विराट हिंदू उत्सव समिति प्रमुख कैलाश मंथन ने कहा सभी देवियों की शक्तिपीठों पर प्रमुख रूप से काल भैरव की उपासना होती है।

वहीं 12 ज्योतिर्लिंगों सहित शिव मंदिरों में भी काल भैरव की उपासना के बिना देवी एवं शिव की पूजा अधूरी मानी जाती है। गुना शहर में स्थित काल भैरव मंदिरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचते हैं।भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति में काल भैरव का महत्वपूर्ण स्थान है काल भैरव शिव की परम पवित्र काशी नगरी के कोतवाल हैं।

# क्राइस्ट हायर सेकेंडरी स्कूल बना जिले का प्रथम ईट राईट स्कूल

**सत्ता सुधार ■ गुना**

कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं एडीएम अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में जिले में ईट राइट अभियान सतत जारी है । इसी क्रम में फिस्सी नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे ईट राइट चैलेंज फॉर डिस्ट्रिक्ट फेज-4 के अंतर्गत क्राइस्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल को ईट राईट स्कूल का सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। जिले में ईट राईट स्कूल का सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाला यह प्रथम स्कूल है।




स्कूली छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना, गुणवत्तापूर्ण एवं स्वास्थ्यप्रद खाद्य पदार्थो के उपभोग को बढ़ावा देना, सुरक्षित खानपान, पोषणकारी संतुलित आहार एवं अच्छी खाद्य आदतों को विकसित करना ईट राईट स्कूल के प्रमुख उद्देश्य हैं। ईट राईट स्कूल के लिये स्कूल को सर्वप्रथम पोर्टल पर पंजीयन कराना होता है।

इसके बाद निर्धारित गतिविधियों जैसे हेल्दी फूड मेन्यू, स्वच्छता हाइजीन मानक, हेल्दी फूड हैबिट्स, खाद्य पदार्थो में मिलावट की पहचान एवं अन्य गतिविधियां निर्धारित समय सीमा में करवाकर फोटोग्राफ एवं साक्ष्य के साथ ऑडिट एजेंसी के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। इन गतिविधियों का मूल्यांकन कर ईट राईट स्कूल का सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। क्राइस्ट स्कूल के प्रबंधन ने उक्त गतिविधियों को समय सीमा में सफलतापूर्वक आयोजित करवाकर जिले का पहला ईट राइट स्कूल सर्टिफिकेट प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। उक्त गतिविधियां जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन के दिशा निर्देशन में संपादित कराई गई।

# नगरीय निकाय उप निर्वाचन के कार्यों को सुचारु रूप सम्पन्न कराने नोडल अधिकारी नियुक्त

**सत्ता सुधार ■ गुना**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2024 को जिले में सूचारु रूप से संपन्न कराने के लिये विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के रूप में दायित्व सौंपे गये हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशनुसार प्रथम कौशिक अपर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को मतदान दलों का प्रशिक्षण, अखिलेश जैन अपर कलेक्टर को कानून व्यवस्था, आदर्श आचरण संहिता का पालन, परिवहन व्यवस्था एवं निर्वाचन संबंधी कार्य, तहसीलदार गुना नगर जीएस बैरवा को मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं वापसी, मतगणना एवं सारणीकरण संबंधी कार्य, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तेज सिंह यादव को मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था, कृष्णकांत चौबे प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को निर्वाचन सामग्री व्यवस्था, डॉ0 संजीव खेमरिया संयुक्त कलेक्टर को शिकायत आवेदन आचरण संहिता संपत्ति विरूपण अधिनियम का पालन, राकेश कुमार कोषालय अधिकारी को मतपत्र संबंधी संपूर्ण व्यवस्था, रश्मि तंतुवाय जिला पेंशन अधिकारी को पार्षद पद के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय लेखा संबंधी कार्य, राजेश्वरी सिंह बघेल कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गुना को ईव्हीएम व्यवस्था, अधीक्षक भू-अभिलेख को निर्वाचक नामावलियों की व्यवस्था, डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर सीएमएचओ को चिकित्सा व्यवस्था, तुल्लेश्वर कुर्रे जिला आपूर्ति अधिकारी को पेट्रोल एवं भोजन व्यवस्था, गिरीश अन्वेकर सहायक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को आईटी एवं तकनीकी व्यवस्था, नितिन चंदेल उपयंत्री नगरपालिका को प्रेक्षक व्यवस्था, सीमा सक्सैना जिला आबकारी अधिकारी को शराब बिक्री पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, शुभम शर्मा जिला जनसंपर्क अधिकारी को मीडिया प्रबंध, जनसंपर्क एवं पेड़ न्यूज संबंधी कार्य, जरीना परवेज जिला प्रबंधक दूरसंचार को संचार व्यवस्था, जीआर पराशर महप्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी को विद्युत व्यवस्था, कार्यपालन यंत्री पीएचई को पेयजल व्यवस्था, बीके माथुर कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल की व्यवस्था के दायित्व सौंपे गये हैं।

# शासकीय जिला पुस्तकालय डिजिटल लाइब्रेरी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**सत्ता सुधार ■ गुना**

कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा आज शासकीय जिला पुस्तकालय (डिजिटल लाइब्रेरी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से चर्चा कर पुस्तकों की उपलब्धता तथा अन्य अध्ययन सामग्रियों की आवश्यकता के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा कर जानकारी ली।

इस दौरान बच्चों को पढ़ाई के सम्बन्ध में अपने अनुभव शेयर किये। कॉलेज के प्रोफेसर व प्रशासनिक अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन मोटिवेशन के लिए भेजें। विश्व, मध्यप्रदेश के मैप की सहायता से अध्ययन करें। उन्होंने बच्चों से चर्चा कर उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली साथ ही उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कौन-कौन सी पुस्तकों की आवश्यकता है, इसकी जानकारी ली गयी तथा अपर कलेक्टर को उन किताबों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अवकाश के दिनों में लाइब्रेरी संचालित करने की मांग की गयी, जिस पर कलेक्टर द्वारा अवकाश के दिनों में भी लाइब्रेरी संचालन के निर्देश दिय। आज निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा मोबाइल चार्जिग पाइंट टेबल में लगवाने, पेयजल व्यवस्था, वाई-फाई, प्रिंट आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। इस दौरान एडीएम अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पांडे, सीएमओ तेजसिंह यादव उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया कैंट गौशाला का निरीक्षण

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा शनिवार को कैंट स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में साफ-सफाई करवाकर बाउंड्री में चित्रकारी के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में चारे की उपलब्धता, भूमि के समतलीकरण संबंधी निर्देश उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए। इसके साथ ही उन्होंने बाउंड्री के बाहर गौशाला से संबंधित जानकारी के बैनर, पोस्टर लगाने के भी निर्देश दिए। शेड के पास रखी अनावश्यक लकड़ी और कबाड़ को हटाकर मैदान का जेसीबी की सहायता से समतलीकरण कराया जाए। गौशाला के पीछे की एक साइड 4 फुट दूर प्राकृतिक खाद के लिए और दूसरी तरफ चारे की व्यवस्था की जाये। इसके अलावा बाउंड्री के अंदर चारों साइड कटहल और आम जैसे फलदार वृक्ष लगाये जाएं। इस अवसर पर एडीएम अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पाण्डे, सीएमओ तेज सिंह यादव उपस्थित रहे।

# कलेक्टर द्वारा दीनदयाल रसोई योजना एवं मुख्यमंत्री आश्रय स्थल का किया निरीक्षण




**सत्ता सुधार ■ गुना**

कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा शनिवार को नगर पालिका गुना क्षेत्र में संचालित दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत दीनदयाल रसोई योजना एवं मुख्यमंत्री आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रय स्थल में स्थित मूलभूत सुविधाएं, साफ सफाई, शीत लहर हेतु ठंड की व्यवस्था एवं रसोई में खान पान की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। उन्होंने दीनदयाल रसोई योजना में राशन की एवं रसोई के मीनू की जानकारी उपस्थित स्टाफ से ली गई। उपस्थित स्टॉफ द्वारा राशन की मात्रा बढ़ाने की मांग की गई। कलेक्टर द्वारा कुम्भराज से धनिया व्यवस्था के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा जज्जी बस स्टेण्ड के संपूर्ण परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने बस स्टैंड परिसर से गाड़ी गैरीज हटाने, पार्क की साफ सफाई, अनावश्यक वाहनों को हटाने निर्देशित किया। साथ ही बस स्टेण्ड के मुख्य मार्ग के रास्ते की मरम्मत के निर्देश उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम अखिलेश जैन, एसडीएम शिवानी पांडे, सीएमओ तेजसिंह यादव उपस्थित रहे।

# श्री सत्य सांई बाबा के 99 वे जन्मदिवस में आयोजित दो दिवसीय षिविर में 52 मरीजों को मिली नेत्र ज्योति

**सत्ता सुधार ■ गुना**

श्री सत्य सांई बाबा के 99 वे जन्मदिवस के उपलक्ष्य में जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग लायंस नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन एवं नेत्र परीक्षण का आयोजन किया गया। इस शिविर का का शुभारंभ मुरलीधर प्रजापति, मयंक प्रजापति, डॉ. प्रियांक जैन एवं समस्त अस्पताल स्टाफद्वारा किया गया। नेत्र परीक्षण में 283 मरीजों का परीक्षण कर 52 मरीजों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिये चयन किया गया। जिनके ऑपरेषन निःशुल्क कर नेत्र ज्योति प्रदान की गई। लायंस क्लब गुना सिटी पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित




लायंस नेत्र चिकित्सालय व जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर लगाये जा रहे हैं। जिसमें मरीजों को खाना, चाय, नास्ता, दवाई चश्में, लैंष से लेकर ऑपरेशन तक निःशुल्क किये जाते हैं। आगामी नेत्र शिविर 24 नबंवर रविवार को मारकी महू, सनवाड़ा एवं 25 नवंबर को चंदेरी, थूबोन जी में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण किया जाएगा। जिसमें मरीजों को ऑपरेशन के लिये अस्पताल वाहन द्वारा लायंस नेत्र चिकित्सालय लाया जाएगा व ऑपरेशन के उपरांत कैंप स्थल पर पहुंचाए जाएंगे।

# बुआ के घर घूमने आए युवक की तीन दिन बाद रामपुर तालाब से मिली लाश

**सत्ता सुधार ■ गुना**

राजस्थान के बारां जिले से अपनी बुआ के घर बमोरी क्षेत्र में आए एक युवक का रामपुर तालाब में शव मिला है। युवक दो दिन पहले बुआ के घर से घूमने जाने का बोलकर



निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। शनिवार सुबह एसडीईआरएफ की टीम ने रेस्यू कर शव को तालाब से बाहर निकालकर पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस ने सभी पहलुओं पर अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के बारां जिले के रेंजा गांव निवासी राजकुमार पुत्र हंसराज सहरिया (23) अपनी बुआ के घर बमोरी क्षेत्र के रामपुर चीम गांव में आया हुआ था। पिछले कुछ दिनों से वो यहां रह रहा था। बताया जाता है कि गुरुवार को वह

बुआ के घर से घूमने जाने का बोलकर बाइक लेकर निकला था। गुरुवार और फिर शुक्रवार को भी वापस घर नहीं पहुंचने पर बुआ और परिवार के अन्य लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। शाम के समय परिवार के लोग युवक को ढूंढते ढूंढते गणेशपुरा स्थित रामपुर तालाब पर पहुंचे जहां, उन्हें युवक की बाइक और कपड़े रखे मिले। परिवार वालों ने समझा कि युवक पानी में नहाने उतरा होगा और डूब गया। इस आशय की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीईआरएफ की टीम ने पड़ताल की, लेकिन अंधेरा होने के कारण खोजबीन को रोख दिया गया। शनिवार सुबह एसडीईआरएफ की टीम ने फिर से तालाब पर पहुंचकर खोजबीन शुरू की और करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद शव को निकाला गया। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया है। वहीं मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# आईईसी सदस्यों ने कन्या छात्रावास में पढ़ाया स्वच्छता का पाठ



**सत्ता सुधार ■ गुना**

नगर पालिका परिषद,गुना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव के आदेश अनुसार नगर पालिका परिषद् गुना की सहयोगी टीम के आईईसी मेम्बरो द्वारा वार्ड क्रमांक 19 खेड़ापति कॉलोनी में स्थित सेवा भारती सहरिया वनवासी कन्या छात्रावास में स्वच्छता की पाठशाला की गतिविधि की गई। जिसमें स्वच्छता संबंध में पूर्ण रूप से जानकारी दी गई एवं स्वच्छता को अपने दैनिक कार्यो की तरह स्वभाव की में लाने के लिए प्रेरित किया गया।

**आक्रोश** सुबह भगवान के अभिषेक के लिए जल लेने पहुंचे पुजारी देखी बोतलें

# जैन मंदिर के कुएं में डाली शराब की बोतलें, आक्रोशित लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**सत्ता सुधार ■ गुना**

जिले के विभिन्न हिस्सों में पिछले कई दिनों से लगातार धार्मिक भावनाएं भड़काने के मामले सामने आ रहे हैं। अब जिले के धरनावदा कस्बे में स्थित प्राचीन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के कुंए में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा शराब की बोतले डालने का मामला सामने आया है। उक्त कुएं के पानी से प्रतिदिन भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा होती है। इस मामले में लामबंद जैन समाज द्वारा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। दरअसल धरनावदा में आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के पास एक मंदिर का कुआं है। जिसका उपयोग मंदिर जी मे भगवान का अभिषेक एवं पूजा की सामग्री को धोने हेतु किया जाता है और आसपास के घरों में पानी भी भरा जाता है। इसलिए जैन समाज ने उस कुएं पर कभी ताला नहीं लगाया। लेकिन गत रात्रि में किसी असामाजिक तत्व द्वारा मंदिर के कुएं में शराब की बोतल डाली गई। जब पुजारी सुबह जल भर रहे थे, तो उन्होंने देखा कि कुएं में शराब की बोतल हैं। जिसके बाद पूरे पानी को अरेचा गया एवं बोतलों को निकाला गया। ज्ञापन में मांग की गई कि ऐसे लोगों की जानकारी ली जाए क्योंकि कुछ लोग उस गली में भी रात्रि में बैठते हैं एवं कुएं पर भी बैठते हैं। जैन समाज सहित धरनावदा के लोगों ने ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। बहरहाल घटना के बाद जैन समाज में काफी नाराजगी है। ऐसे में जैन समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी है। मांग करने वालों में जैन समाज अध्यक्ष सौरभ जैन, पंकज जैन, रवि जैन, आशीष जैन, मुकेश जैन, राजेश जैन, अंकित जैन, उदित जैन आदि शामिल हैं।



## ब्रीफ न्यूज

### आबकारी विभाग दमोह द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



**दमोह ।** जिला आबकारी अधिकारी दमोह के मार्गदर्शन में वृत्त अ प्रभारी अनुरोध सेन के द्वारा गत दिवस दमोह शहर के पास मारुताल, पॉलीटेक्निक कालेज के पास कुचबंदिया मोहल्ला में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं 2050 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर विधिवत् जप्त कर नष्ट किया। कुल 5 प्रकरण आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। अवैध मदिरा की कुल कीमत लगभग 23 हजार रुपए है। साथ ही गश्त के दौरान दमोह जबलपुर बाईपास पर स्थित ढाबों की सघन तलाशी ली गई द्य इसी क्रम में आज कुचबंदिया मोहल्ले में दबिश देकर लगभग 25 लीटर कच्ची मदिरा एवं 2000 किलो महुआ लाहन जब्त कर 5 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक जगदंबा पांडे, हरिसिंह घुरैया, कुलदीप कटारे, छोटेलाल चौरसिया, तपिश हल्वी, अरविंद जाटव, भूपति सिंह, महिला आबकारी आरक्षक गीतांजलि गुप्ता शामिल रहे।

### 15 दिसम्बर तक केन्द्रीय विद्यालय हटा के कार्यो को पूरा किया जाये -सांसद

**दमोह ।** सांसद राहुल सिंह एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज हटा के नवीन केन्द्रीय विद्यालय भवन के निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। भवन के तैयार कक्षो को देखा, और प्रसाधन आदि का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। आवास गृहों की जानकारी ली, अधूरे कार्य की पूर्णता अवधि की जानकारी ली और कार्य में शीघ्रता के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकारी एजेंसी और विभागीय अधिकारियों को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बैठक में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सांसद श्री राहुल सिंह ने केन्द्रीय विद्यालय हटा के निर्माण कार्यो की प्रगति को लेकर समय पर कार्य नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्माण एजेंसी से कहा 1 दिसम्बर को कलेक्टर के साथ दमोह में बैठक कर फाईनल किया जाये। सांसद श्री सिंह ने इस कार्य के लिये डेड लाइन तय की है, विद्यालय के सभी कार्य पूर्ण किये जायें। सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं हैं, उनमें से केंद्रीय विद्यालय भी केंद्र सरकार की योजना है, जो बेहतर शिक्षा का अधिकार देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। कार्य प्रगति को लेकर जिला अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक हुई है, तय समय पर यह कार्य पूर्ण नहीं हो पाया, उसकी भी समीक्षा की गई, क्या कारण है, कुछ चीजे सामने आई है और अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि क्रम वार सूची बनाएं और दिसंबर महीने की 15 तारीख तक प्रयास कर रहे हैं कि बच्चों को यहां पर शिफ्ट किया जाये। प्रारंभिक रूप से समस्या आई है, शाम तक सूची आएगी उस पर प्रतिदिन के हिसाब से उन समस्याओं का निराकरण करने का काम और समय अवधि के भीतर काम को करने के लिए निर्देश दिए हैं।

# ग्राम विकास में अधिकारियों को नहीं दिख रही निराशा, दशकों से अंगद पैर समान जमीं हैं आशा

**सत्ता सुधार ■ शहडोल**

करीब 1 दशक से भी ज्यादा समय से जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत गजवाही के निवासी विभिन्न परेशानियां झेलने को मजबूर हैं। आलम यह है कि, ग्राम विकास मंद मंद गति से इठलाती हुई प्रदर्शित है। इस समयावधि में ग्राम पंचायत में लगभग सैकड़ों फर्जी बिलों पर भुगतान भी किया गया है। इतना ही नहीं, इस दौरान कराए गए निर्माण कार्यों पर यदि नजर दौड़ाई जाए तो भ्रष्टाचार स्वमेव सिद्ध मिलेगा। बहरहाल, संबंधित मामले में जांच कब और कैसे होगी?.. यह तो आला अधिकारी ही बता सकेंगे! मिली जानकारी अनुसार, ग्राम पंचायत गजवाही में विगत कई वर्षों से आशा मिश्रा सचिव के रूप में पदस्थ हैं, जहां उनका कारभार या यूं कहें कारोबार उनके पति लाल बहादुर मिश्रा देखने का काम कर रहे हैं। बताया जाता है कि, सचिव पति भाजपा पार्टी से जुड़े हुए हैं और इसी का धौंस जमाकर वह अपने मन मुताबिक, मनमाने कृत्यों को अंजाम देते आ रहे हैं। मनमानी तरीके से कराए गए निर्माण कार्यों में जमकर शासकीय धन की होली खेली गई है। अगर वरिष्ठ अधिकारी ने जांच कराई तो कई लाखों रुपए की रिकवरी निकल कर सामने आ सकती है। मस्टर रोल में फर्जीवाड़ा, हितग्राही मूलक योजनाओं में लीपापोती, फर्जी बिलों पर भुगतान, मूल दस्तावेजों में कलम की जादूगरी तो मानो सचिव और उनके मास्टरमाइंड पति को खूब भा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि, सत्तारूढ़ पार्टी में होने के चलते यहां की शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं होती। कितनी ही प्रमाणित शिकायतें आज भी वरिष्ठ कार्यालय के ठंडे बस्ते में कैद हैं। जिन पर जमी हुई धूल की परतें हटी, तो निश्चित ही सचिव पर कार्रवाई होना तय है।




# आँगन में रखी लाखों की धान जलकर हुईं राख



**सत्ता सुधार ■ शहडोल**

जिले के सोहगपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हर्री के पीपर टोला में खलिहान में रखे धान के ढ़ेर में अचानक आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता, सारी फसल जलकर राख़ हो गई।

इस अग्नि दुर्घटना में करीब 70 से 75 क्विंटल धान के जलने की जानकारी मिली है। जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपए से ऊपर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सोहगपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हर्री के पीपर टोला निवासी सुरेन्द्र मिश्रा पिता स्व. रामगोपाल मिश्रा के घर के पीछे आँगन में करीब 70 से 75 क्विंटल धान रखी हुई थी। सुबह जब वह घर के पीछे गए तो देखा कि धान के ढ़ेर में आग लगी हुई है, जिसके आड़ उन्होंने डायल 100 द्वद्द काल किया। कुछ ही देर बाद सोहगपुर थाने की डायल 100 वाहन मौके पर पहुँच गया। साथ ही उसमे मौजूद पुलिस कर्मियों ने नापा को सूचना देकर एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी साथ लेकर आए। जिसके बाद पुलिसकर्मी आरक्षक शिवकुमार व पायलट प्रदीप तिवारी ने फायर कर्मियों की मदद करतें हुए किसी तरह आग को बुझाया। लेकिन तब तक करीब 80 प्रतिशत से अधिक फसल जलकर राख़ हो चुकी थी। यह आग कैसे लगी इस बात की जांच की जा रही है। फसल मालिक ने कहा कि यह हादसा और साजिश दोनों हो सकती है। उसने बताया कि एक अन्नदाता सालभर मेहनत करके फसल तैयार करता है। ऐसे में जब उसका मेहनताना मिलने की बारी आई तो सारी फसल ही जलकर राख़ ही गई। उन्होंने इस अग्निकांड में हुए करीब दो लाख रुपए से अधिक के नुक्सान की भरपाई कराए जाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

# गोधरा कांड की वास्तविकता जानने के लिए “द साबरमती रिपोर्ट“ फिल्म आमजन देखें : पाटिल

### शुक्रवार को अभिषेक सिनेमा में सांसद पाटिल ने महापौर, विधायक एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ देखी

**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होता है पत्रकारिता और आमजन पत्रकारिता पर विश्वास करते हुए उनकी लिखी एवं कही बातों पर विश्वास करते हैं, 22 वर्ष पूर्व गोधरा में ट्रेन की बोगी जलाने की घटना को कुछ मीडिया ने सच्चाई छुपा कर झूठ को प्रदर्शित किया लेकिन झूठ ज्यादा दिन तक नहीं चल सकता और जो सच्चाई थी वह अब सामने आई है, साबरमती रिपोर्ट में पुरानी घटना को जनता के सामने सच्चाई के रूप में प्रस्तुत किया गया है, इसे सभी लोगों ने देखना चाहिए यह बात सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने शुक्रवार को अभिषेक टॉकीज फिल्म देखने के पश्चात पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पूरे देश द साबरमती रिपोर्ट फिल्म को देखने जनता पहुंच रही है,इसी कड़ी में सच्चाई को जानने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल जिला मुख्यालय खंडवा में शुक्रवार पहुंचे और अभिषेक टॉकीज में इस फिल्म को जनप्रतिनिधि एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ देखा, श्री पाटिल ने कहा कि फिल्म में सच्चाई को प्रस्तुत किया गया है, अयोध्या के महायज्ञ में गुजरात के लोग शामिल हुए थे और वापस अपने घर पहुंच रहे थे लेकिन गोधरा में कुछ लोगों द्वारा ट्रेन की एक बोगी में आग लगाकर 59 बच्चे महिला पुरुष बेगुनाहों की जिंदगी को छीन लिया गया, फिल्म में जो घटना घटी है उसे सच्चाई के साथ प्रस्तुत किया गया है मैं आम जन से अनुरोध करता हूं कि इस फिल्म को अवश्य देखें, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मध्यप्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस फिल्म को प्रदेश में टैक्स फ्री करने का निर्णय लिया है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ‘‘द साबरमती रिपोर्ट‘‘ फिल्म मे 22 वर्ष पुरानी घटना की सच्चाई जनता के सामने लाने का कार्य किया है, पुरानी घटना की सच्चाई को दबाकर कार सेवकों के बलिदान को गलत रूप में बताकर देश दुनिया में हमारे लोकतंत्र को अपमानित करने का कार्य किया गया था, इस फिल्म के माध्यम से घटना की सच्चाई जनता के सामने प्रस्तुत की जा रही है, मैं सभी आम जनों से अनुरोध करता हूं कि इस फिल्म को अवश्य देखें, सांसद श्री पाटिल के साथ महापौर अमृता अमर यादव विधायक नारायण पटेल, पंधाना विधायक छाया मोरे, जिला अध्यक्ष पटेल महामंत्री राजेश तिवारी अरुण सिंह मुन्ना, हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल अमर यादव, प्रवक्ता सुनील जैन, अनिल विश्वकर्मा, आशीष चटकेले,ममता बोरसे, शारदा तांदले, गणेश गुरबाणी, चंद्रेश पचौरी, राजपाल सिंह तोमर, विजय राठौड़, राजपाल चौहान, मंगलेश तोमर, ऋरंगी उपाध्याय, जितेंद्र मंडलोई, रक्षा प्रजापति,सोनू इगें, अनिल भगत प्रदीप यादव, तेजेंद्र बाथम, आशीषशर्मा, प्रकाश यादव, शेखर पटेल आम दर्शक के साथ पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### शिव महापुराण कथा 25 से

**खंडवा।** चंपानगर रामेश्वर रोड सेन मंदिर परिसर में शिव महापुराण कथा का आयोजन 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक दोपहर 1 से 5 बजे तक किया जाएगा। कथा में पूज्य गुरूदेव पंडित श्री आशिषानंद महाराज शिव महिमा का गुणगान करेंगे। कथा प्रारंभ से पूर्व प्रातः 9 बजे नवचंडी मंदिर से रामेश्वर होते हुए कथास्थल सेन मंदिर तक कलश यात्रा निकाली जाएगी। कथा आयोजन समिति ने धर्मप्रेमी जनता से कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने का आह्वान किया है।

# कोर्ट में 20 साल कि सजा सुनते ही दुष्कर्म का आरोपी हुआ फरार

**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

कोर्ट में सजा सुनते ही एक आरोपी वॉशरूम जाने का कहकर फरार हो गया। कोर्ट प्रशासन की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी और उसका एक साथी जेल में विचाराधीन कैदी थे। शुक्रवार को विशेष न्यायालय ने आरोपियों को 20 साल सजा और दो हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। फैसला सुनते ही एक आरोपी कोर्ट से भाग गया। थाना कोतवाली पुलिस के अनुसार , न्यायालय के विशेष प्रकरण में आरोपी हरिराम को धारा 376, (2) एन, 376 (3) भादवि एवं 5(द्य)/6 पॉक्सो एक्ट में बीस वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। शुक्रवार को टीब्रेक से पहले पीठासीन न्यायाधीश ने निर्णय घोषित किया। लंच टाइम के दौरान दोषसिध्द आरोपी हरिराम एवं अन्य दोषसिद्व आरोपी शंकर न्यायिक निरोध में न्यायालय में बने आरोपी के कटघरे मे बैठे हुए थे। फैसले के बाद आरोपीगण को जिला जेल भेजे जाने के लिए डीआरपी लाइन से गार्ड बुलाने के लिए फोन पर सूचना दी गई थी। डीआरपी लाइन से पुलिस गार्ड आने का इंतजार किया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी हरिराम ने न्यायालय में पदस्थ मुंशी मनोज परिहार से कहा कि उसे पेशाब के लिए जाना है। दोनों आरोपी हरिराम और शंकर को लघुशंका के लिए न्यायालय से बाहर लेकर गए। कुछ देर बाद आरोपी शंकर तो कटघरे में वापस बैठा मिला लेकिन आरोपी हरिराम कटघरे में नही पंहुचा था।

### वाशरूम जाने का बहाना बना कर गायब हुआ आरोपी, पुलिस कर रही तलाश

### 2020 में दर्ज हुआ था दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में मामला

आरोपी हरिराम और शंकर के खिलाफ पिपलोद थाने में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज हुआ था। आरोपी हरेराम पिता श्रीराम कोरकू निवासी ग्राम गुजरीखेडा का है। आरोपी के फरार होने के बाद से पुलिस एक्टिव हो गई है। पिपलोद टीआई एसएन पांडेय के मुताबिक, आरोपी हरिराम और अन्य के खिलाफ 2020 में प्रकरण दर्ज हुआ था। फिलहाल आरोपी की पहचान के प्रमाण नहीं है। उसके गांव और रिश्तेदारों से संपर्क कर उसकी छुपने कि जगहों पर तलाश की जा रही है।

### इनका कहना हैं

शुक्रवार क़ो विशेष न्यायाधीश के न्यायलय में दो आरोपीयों क़ो 20 वर्ष के कारावास कि सजा सुनाई गई थी जिसके बाद से एक आरोपी फरार हो गया था, मामले में सुचना पर प्रकरण दर्ज किया गया हैं आरोपी कि तलाश कि जा रही हैं, मामले में जाँच के बाद दोषियों पर कार्रवाई कि जाएगी।

**अभिनव बारंगे**
**सीएसपी, खंडवा**

# अधिक पैदावार के लिए भूमि को बंजर नहीं करना है, प्राकृतिक और जैविक खेती कर उन्नत किसान बनना हैः डॉ. कुसमरिया

### छतरपुर जिले के विद्यार्थी आए दमोह कृषि विज्ञान केन्द्र के भ्रमण पर

**सत्ता सुधार ■ दमोह**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की मंशानुशार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किशनगढ़ जिला छतरपुर के नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ट्रेड एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राओं को कृषि विज्ञान केंद्र दमोह का औद्योगिक भ्रमण कराया गया, जिसमें वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रुप में दमोह जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल, शंकर गौतम एवं अरविंद लोधी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा कि हम सभी को मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करना चाहिए कि वह विद्यार्थियों को इस प्रकार के भ्रमण करा रहे हैं। उन्होंने कहा कृषि को यदि लाभ का धंधा बनाना है तो नए-नए नवाचार करने पड़ेंगे, कृषि से तात्पर्य केवल खाने का अन्न नहीं बल्कि अन्य किस्म की फसले लगाना और पशुपालन, बकरी पालन, मछली पालन, बागवानी करना, शहद बनाना, मशरूम लगाना सहित अन्य प्रकार है। उन्होंने कहा लाभ के साथ-साथ हम सभी को यह ध्यान देने की भी आवश्यकता है कि हमारी भूमि बंजर ना हो, इसके लिए हमें प्राकृतिक और जैविक खेती करना बहुत आवश्यक है। वर्तमान परिदृश्य में हम फर्टिलाइजर का अधिक उपयोग पैदावार के लिए कर रहे हैं, परंतु वही जहरीले पदार्थ अन्न के माध्यम से हमारे शरीर में जा रहे हैं जिससे अनेक बीमारियां जन्म ले रही हैं, छात्र-छात्राओं को यह सुनिश्चित करना पड़ेगा की प्राकृतिक जैविक खेती के साथ कृषि को लाभ का धंधा कैसे बनाएं। छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आज निरंतर कृषि विकास दर बढ़ रही है, हमारा मध्य प्रदेश कृषि विकास दर में सबसे आगे है, परंतु हम सभी को इस बात को ध्यान में रखने की आवश्यकता है कि हमारा मध्य प्रदेश पंजाब ना बने हम कहते हैं ना उड़ता पंजाब लोगों ने अधिक पैदावार के चक्कर में इतनी जहरीली दवाइयो का प्रयोग किया है कि वहां हर दूसरे व्यक्ति को कैंसर की शिकायत है।

# इंदौर में बढ़ी ठंड, दिन में भी लग रही कंपकंपी, नवंबर अंत में और गिरेगा पारा

**इंदौर ।** इंदौर में ठंड का असर धीरे-धीरे तेज़ होता जा रहा है। दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद, ठंड का अनुभव साफ महसूस किया जा सकता है। रातें और ज्यादा ठंडी हो रही हैं, जिससे ऊनी कपड़ों की मांग बढ़ने लगी है। सुबह घना कोहरा हो रहा है और स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या में भी गिरावट हो रही है। कई क्षेत्रों में तो अलसुबह कोहरे की वजह से दृश्यता भी बहुत कम है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट हो सकती है। नवंबर के आखिरी सप्ताह तक रात का न्यूनतम तापमान 10-11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जो पिछले 10 वर्षों के औसत के अनुरूप है।

# कलेक्टर ने स्टेट लेवल पर सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए

**दमोह ।** जिला व संभाग स्तरीय तथा स्टेट प्रतियोगिता जिला शिवपुरी जिसमें कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में पथरिया से मिनी, जूनियर ग्रुप से स्टेट लेवल पर सहभागिता रही। जिसमें योग कर जिले का नाम रोशन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रतियोगिता में भाग लेने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। डीपीसी सर्व शिक्षा अभियान दमोह मुकेश कुमार द्विवेदी ने कहा योग से जीवन जीने कलां सिखाई जाती है। जिला योग प्रभारी दमोह द्वारका करकरे ने छात्रो के साथ-साथ आमजन मानस, अधिकारियों-कर्मचारियों, योग शिक्षक शिक्षिकाओं से आग्रह करते हुये कहा है कि जहां पर साफ़ स्वच्छ स्थान हों, योग कक्षाएं संचालित करें। जिससे विद्यालयों के विद्यार्थियों को योग का फायदा मिल सके।

# विद्यार्थियों को हेल्डरबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड का कराया गया दौरा



**दमोह ।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह के भारतीय मानक ब्यूरो के अधीन बने स्टैंडर्ड क्लब के विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल एक्सपोज़र प्रोग्राम के तहत हेल्डरबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड का दौरा कराया गया। इस भ्रमण के दौरान सीमेंट फैक्ट्री के सीनियर मैनेजर एवं इंजीनियर्स ने विद्यार्थियों को सीमेंट निर्माण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी कि किस तरह से मुख्य कच्चा माल चूना पत्थर एवं अन्य कच्चे माल की सहायता से किस प्रकार उन्हें हीट एवं मिक्स करके जिप्सम एवं फ्लाई ऐश मिलाकर कई स्टेज के बाद उत्तम गुणवत्ता का सीमेंट बनता है। सभी मानकों पर खरा उतरता है। विजिट में सीमेंट बनाने की प्रोसेस में उपयोग होने वाले कच्चे माल और सीमेंट की टेस्टिंग की लैब का भी भ्रमण कराया गया। एक्सपोज़र विजिट से सभी छात्रों का ज्ञान वर्धन हुआ।

**मुलाकात** खंडवा के विकास कार्यों को लेकर विधायक कंचन तनवे ने भोपाल में प्रभारी मंत्री एवं प्रमुख सचिव अनुराग जैन से की मुलाकात

# विकास के कार्यों के साथ ही चारों कुंडो के सौन्दर्यीकरण को लेकर मांग पत्र सौंपे

### कृषि पर आधारित उद्योग लगाने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान से विधायक ने की मुलाकात

**सत्ता सुधार ■ खंडवा**

जिले के विकास कार्यो को लेकर खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ने जहां गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से विकास कार्यो को लेकर चर्चा के साथ अनुरोध पत्र सौपें वहीं शुक्रवार को खंडवा विधायक कंचन तन्वे एवं मुकेश तनवे ने खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास,धर्मस्व विभाग के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी से भेंट कर, खंडवा के चारों ऐतिहासिक धार्मिक कुंडों, रामेश्वर कुंड, सूरजकुंड, भीम कुंड, पदम कुंड, के जीर्णोद्धार एवं कायाकल्प हेतु चर्चा कर पत्र सौंपा, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि चारों कुंडो के सौंदरीकरण के साथ माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की कर्मवीरपीठ के भूमि, संत श्री धूनीवाले दादाजी मंदिर क्षेत्र सौंदर्यीकरण एवं विकास, जिम खाना क्रिकेट ग्राउंड पर बाउंड्रीवाल, प्रकाश व्यवस्था, द्धञ्जद्ब खंडवा में सोलर तकनीशियन प्रशिक्षण प्रारंभ करने, जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यो को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ मांग पत्र सौपें, खंडवा के प्रभारी मंत्री श्री लोधी द्वारा आश्वस्त किया गया कि प्राथमिकता के आधार पर इन कार्यो को करवाया जाएगा, पुरातत्व विभाग की टीम द्वारा सर्वेक्षण करा कर शीघ्र खंडवा की धरोहरों का कायाकल्प करने की बात कही, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि साथ ही अन्य मुद्दों पर भी विधायक कंचन तनवे द्वारा प्रभारी मंत्री से चर्चा की गई इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर खंडवा क्षेत्र में कृषि उद्योग स्थापित करने की बात रखी, विधायक कंचन तंवे द्वारा खंडवा विकास को लेकर मुख्यमंत्री को सौंप गए पत्रों की काफी एवं खंडवा के विभिन्न विभागो के विकास कार्यो को लेकर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन, भोपाल अनुराग जैन से भेंट कर अवगत कराया ।



# भस्म आरती में मोर पंख की माला पहनकर सजे बाबा महाकाल, हजारों भक्तों ने लिया आशीर्वाद

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में भस्मारती के दौरान आज यानी शनिवार को बाबा महाकाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस दौरान बाबा महाकाल को त्रिपुंड और रुद्राक्ष व मोर पंख की माला पहनाकर सजाया गया, जिसने भी इन दिव्य दर्शनों का लाभ लिया वह देखते ही रह गया। आज भक्तों को दर्शन देने के लिए बाबा महाकाल सुबह चार बजे जागे। उसके बाद बाबा महाकाल की भस्म आरती धूमधाम से की गई। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि मार्गशीष माह कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि शनिवार पर बाबा महाकाल सुबह चार बजे जागे। भगवान वीरभद्र और मानभद्र की आज्ञा लेकर मंदिर के पट खोले गए, जिसके बाद सबसे पहले भगवान को गर्म जल से स्नान, पंचामृत अभिषेक करवाने के साथ ही केसर युक्त जल अर्पित किया गया। आज बाबा महाकाल का भस्म आरती के दौरान ऐसा श्रृंगार किया गया, जिसमें श्री महाकालेश्वर भगवान को न सिर्फ त्रिपुंड, रुद्राक्ष व मोर पंख की माला से सजाया गया। बल्कि उनका आलौकिक स्वरूप मे श्रृंगार भी किया गया। उसके बाद महानिर्वाणी अखाड़े के द्वारा बाबा महाकाल को भस्म अर्पित की गई। श्रद्धालुओं ने नंदी हॉल और गणेश मंडपम से बाबा महाकाल की दिव्य भस्म आरती के दर्शन किए और भस्म आरती की व्यवस्था से लाभान्वित हुए।

